>

Title:Need to undertake repair work of National Highways in Bihar.

श्री राम कृपाल यादव (पटना) : महोदय, बिहार में राष्ट्रीय राजमार्गों की स्थिति अत्यंत ही दयनीय होती जा रही है। बिहार में राष्ट्रीय राजमार्गों का वÂ◌ा◌ॉ से मरम्मत कार्य नहीं किया गया है। केन्द्र सरकार की जिम्मेवारी है कि राज्य सरकार के साथ हाथ से हाथ मिला कर वहां के राष्ट्रीय राजमार्गों को सुदृढ़ एवं मोटोरेवल बनाये रखें। राÂट्रीय राजमार्गों की दयनीय स्थिति के कारण वहां के पर्यटन उद्योग पर भारी असर पड़ रहा है। साथ ही साथ आवागमन की समस्या हो रही है। बिहार से पूरे नॉर्थ-ईस्ट, वेस्ट बंगाल, उड़ीसा, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ राज्यों और नेपाल का सीधा सम्पर्क है। अतः राष्ट्रीय राजमार्गों की मरम्मत का कार्य शीघ्र कराया जाये।